तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 28 जून 2026

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

13 ओवरलोड ट्रकों पर नहीं लग रही लगाम शहर...

14 सशिमं और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी में ...





## खबर संक्षेप

### आज से पल्स पोलियो अभियान



**गुरूर।** आज पल्स पोलियों अभियान का आयोजन किया जा रहा है, जिनका समुदाय स्तर पर आवश्यक प्रचार प्रसार किया गया है। अभियान पूर्व तैयारी के अंतर्गत विकास खंड में कुल 149 बूथ बनाये गए हैं जिनमें 298 दल कर्मी द्वारा बूथ स्थल 0 से 5 वर्ष के लगभग 14742 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। 29 एवं 30 जून को गृह भ्रमण कर छुटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। साथ ही 5 मोबाईल टीम द्वारा अलग–अलग बस स्टॉप में दवा पिलाएंगे, जिनकी सतत निगरानी, प्रबंधन व रिपोर्टिंग हेतु विकास खण्ड में 18 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा समुदाय के आम जनों एवं जन प्रतिनिधियों से अपील किया गया कि क्षेत्र के 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो दवा पिलाने में सहयोग प्रदान करेंगे ताकि एक भी बच्चा पोलियों दवा पीने से न छूटे और बच्चे पोलियो बीमारी की अपंगता का शिकार न हो। आप सभी के सहयोग से हमारा देश पोलियों मुक्त रहे।

### सफारी और तूफान वाहन में आमने-सामने भिड़ंत, बड़ा हादसा टला



**गुरूर।** राष्ट्रीय राज मार्ग 930 पर हाई स्कूल गुरुर के पास धमतरी से राजनांदगांव बारात जा रही सफारी कार वाहन क्रमांक सीजी 24वी 4721 एवं गुरुर से पुरूर की ओर जा रही तूफान वाहन क्रमांक सीजी 05 एक्यू 9411 में आमने सामने टक्कर हो गई, घटना में किसी को भी किसी प्रकार की छत्ती नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक गुरुर से पुरूर की ओर जा रही तूफान सामने से आ रही गाय को बचाने के लिए कट मारा और सामने से आ रही सफारी कार से जा टकराया।

### कृषि विभाग ने किसानों को मौसम के अनुसार खेती की सलाह

# दल्लीराजहरा में झमाझम बारिश किसान जुटे खेती की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ किसानों ने धान की बुआई और रोपाई की तैयारियां तेज की



भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र को आखिरकार मानसून ने बड़ी राहत दी है। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली, तेज हवाओं के साथ घने बादल छाए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। रुक-रुककर हुई वर्षा से पूरे क्षेत्र का मौसम सुहावना हो गया। बारिश के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है।

बारिश के साथ ही खेतों में फिर से हलचल शुरू हो गई है। लंबे समय से मानसून की प्रतीक्षा कर रहे किसानों ने धान सहित खरीफ फसलों की तैयारी तेज कर दी है। खेतों की जुताई, बुआई और रोपाई का कार्य अब गति पकड़ने की उम्मीद है। कृषि से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी नियमित वर्षा होती रही तो इस वर्ष बेहतर उत्पादन की संभावना मजबूत होगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में मानसून की सक्रियता और बढ़ने की संभावना है। क्षेत्र में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर गरज-चमक एवं तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। विभाग ने किसानों को मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार कृषि कार्य करने तथा आम नागरिकों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। बारिश के बाद शहर के तालाबों, नालों और जलाशयों में पानी की आवक शुरू हो गई है। गर्मी से सूख चुके जल स्त्रोतों को भी राहत मिलने लगी है। लोगों ने शाम के समय मौसम का आनंद लिया, जबकि बच्चों और युवाओं में भी बारिश को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। व्यापारिक गतिविधियों में भी हलचल बढ़ी और दल्लीराजहरा बाजारों में रौनक लौट आई। हालांकि पहली तेज बारिश के साथ ही दल्लीराजहरा के कुछ स्थानों पर जलभराव और जल निकासी की समस्या भी सामने आई। नागरिकों ने समय रहते नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग नगरपालिका अधिकारी सीमा बक्शी से किया,ताकि आगामी दिनों में अधिक वर्षा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# डौंडीलोहारा में स्कूल के पास अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के बाजार चौक स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के आसपास वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण पर शनिवार सुबह प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग, नगर पंचायत और पुलिस की संयुक्त टीम ने सुबह करीब 7:30 बजे से अभियान शुरू किया, जो लगभग दो घंटे तक चला। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपने ठेले और अस्थायी दुकानें हटा लीं, जबकि कुछ लोगों ने पहले ही स्थान खाली कर दिया था। शेष अतिक्रमण पर प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से ठेले, गुमटियां और पक्के निर्माण हटाए। एसडीएम शिवनाथ बघेल, तहसीलदार एच.आर. नायक, थाना प्रभारी सुनील तिर्की, नगर पंचायत सीएमओ राकेश कुमार बंजारे तथा वार्ड पार्षद राजेंद्र निषाद की मौजूदगी में नगर पंचायत कर्मचारियों ने बंद ठेलों के ताले तोड़े। अंदर रखे सामान की पटवारी द्वारा विधिवत सूची तैयार कर जब्ती की कार्रवाई की गई, जिसके बाद जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। बताया गया कि वार्ड पार्षद राजेंद्र निषाद ने विद्यालय के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत सुशासन तिहार सहित उच्च अधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी किया था। अभियान के दौरान स्कूल परिसर के आसपास लगे सब्जी ठेले, गन्ना रस केंद्र, पान ठेले तथा अस्थायी होटलों को पूरी तरह हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण ▶▶| शेष पेज 12 पर

# करंट लगने से किसान की मौत, बिजली विभाग के खिलाफ शव रखकर घंटों प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप


थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिंगरी निवासी बिरेन्द्र देशमुख 60 वर्ष की खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बिरेन्द्र देशमुख सुबह 10 बजे से 11 बजे तक अपने खेत में काम करने गए थे। उसी दौरान करंट लगने से मौत हो गये, दोपहर करीब 1 बजे थाना अंडा को सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग पंचनामा कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया।

इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार करने के बजाय अंडा स्थित बिजली विभाग कार्यालय के सामने 4 से 5 घंटा शव को रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लगातार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर डटे रहे और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। उनका कहना है कि जिस विद्युत पोल के पास हादसा हुआ, वह लंबे समय से झुका हुआ था। इस संबंध में करीब दो साल पहले विभाग को लिखित शिकायत देकर पोल को दुरुस्त कराने की मांग भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों के मुताबिक पोल झुकने के कारण बिजली के तार नीचे आ गए थे और उन्हें अस्थायी रूप से लोहे के घेरे से बांधकर रखा गया था। समय के साथ केबल में खराबी आने से लोहे के घेरे में करंट प्रवाहित होने लगा।

घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतक परिवार को उचित मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी तथा जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पूरे मामले की तकनीकी जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च पुलिस अधिकारी,अंडा थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक और तहसीलदार मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों से भी मामले में जवाब मांगा गया है।




### हालिया अग्निकांड के बाद प्रशासन पर कार्रवाई का बढ़ा दबाव

# दल्लीराजहरा में धड़ल्ले से चल रहे अवैध कोचिंग और संगणक प्रशिक्षण केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



देश में हाल ही में एक कोचिंग संस्थान में लगी भीषण आग में लगभग 25 विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस हादसे पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया था। इसके बावजूद बालोद जिले के दल्लीराजहरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अनेक कोचिंग एवं संगणक प्रशिक्षण केंद्र बिना आवश्यक अनुमति, बिना सुरक्षा मानकों और बिना निर्धारित नियमों के खुलेआम संचालित हो रहे हैं। यह स्थिति विद्यार्थियों के जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ मानी जा रही है। नगर के कई निजी कोचिंग और संगणक प्रशिक्षण केंद्र बहुमंजिला भवनों के ऊपरी तल पर संचालित हो रहे हैं, जहां पहुंचने के लिए संकरी और असुरक्षित सीढ़ियां ही एकमात्र रास्ता हैं। दल्लीराजहरा शहर सहित क्षेत्र के अधिकांश स्थानों पर अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास द्वार, चेतावनी संकेत, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था और आपदा से बचाव की मूलभूत ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### जांच कराई जाएगी

जिला कलेक्टर दिव्या मिश्रा का कहना है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कहीं बिना अनुमति अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए कोचिंग या संगणक प्रशिक्षण केंद्र संचालित पाए जाते हैं तो संबंधित विभागों की संयुक्त जांच कराई जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दिव्या मिश्रा, जिला कलेक्टर

#### सभी संस्थानों को नियमों का पालन करना अनिवार्य

जिला शिक्षा अधिकारी कहते हैं कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के संचालन में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी संस्थानों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी कहती हैं कि भवनों की सुरक्षा, निकास व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण कराया जाएगा। जहां भी नियमों का उल्लंघन मिलेगा, संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर कार्रवाई की जाएगी।

अग्निशमन विभाग के अधिकारी कहते हैं कि सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों में अग्निशमन यंत्र, सुरक्षित निकास मार्ग और विद्युत सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य है। सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मानसून की सुस्त चाल से धान की बोआई प्रभावित, खेत पड़े सूने

# मानसून की देरी से सूख रहे खेत, खेती किसानी पर मंडराया संकट का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



क्षेत्र में मानसून की सुस्त चाल और लगातार बारिश नहीं होने से किसानों की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। आसमान की ओर टकटकी लगाए किसान बारिश का इंतजार करते-करते थक चुके हैं, लेकिन अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेत सूने पड़े हैं और खेती-किसानी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। किसानों के चेहरों पर चिंता की गहरी लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। किसानों का कहना है कि उनकी परेशानियों का सिलसिला पिछले खरीफ सीजन से ही शुरू हो गया था। धान खरीदी के दौरान उन्हें अपनी उपज का एक-एक दाना बेचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसके बाद अब खाद की कमी ने किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता बेहद सीमित है और जो खाद मिल रही है वह किसानों की आवश्यकता की तुलना में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद और पानी नहीं मिलने से फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है, जिसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा। कई किसानों ने धान की बोआई की तैयारी कर रखी है, लेकिन बारिश नहीं होने के कारण खेतों में काम शुरू नहीं हो पा रहा है। वहीं जिन किसानों ने शुरुआती बुवाई कर दी थी, उनकी फसलें भी नमी के अभाव में प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना जताई गई थी। वर्तमान हालात को देखकर किसानों को लगने लगा है कि यह पूर्वानुमान सही साबित हो सकता है। यदि आगामी दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती की लागत बढ़ने के साथ-साथ उत्पादन पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि एक ओर धान खरीदी की समस्याओं ने उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर किया, दूसरी ओर खाद संकट और अब बारिश की कमी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। समय पर वर्षा नहीं होने की स्थिति में खेती-किसानी पर गहरा संकट खड़ा हो सकता है, जिससे पूरे ग्रामीण अर्थतंत्र पर असर पड़ने की आशंका है। उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही अच्छी बारिश होगी, जिससे उनकी खेती बच सके और आने वाला सीजन बेहतर साबित हो सके।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-18 अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के ग्रीन पार्क मैदान, खड़ेनाडीह में नवयुवकों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये प्रदान किए गए। इसके अलावा ऑलराउंडर, बेस्ट अम्पायर और कोच के लिए भी विशेष पुरस्कार रखे गए, जिससे खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साह बढ़ा। आयोजन में लगभग 25 प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों द्वारा सभी खिलाड़ियों एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में जनपद सभापति डोमेंद्र ज्ञानू राजपूत, रतन भोसले, कृष्ण यादव, लोकेंद्र पटेल, परस राजत सहित ग्राम के वरिष्ठजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगामी वर्षों में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के नियमित आयोजन पर बल दिया।

### कुसुमकसा रेलवे स्टेशन में जल्द शुरू होगा आरक्षण काउंटर

**कुसुमकसा।** दक्षिण मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के तडोकी दौरे के दौरान पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने रेलवे स्टेशन कुसुमकसा की मूलभूत समस्याओ से अवगत कराया, जीएम ने गंभीरता से सुनते हुए आरक्षण काउंटर जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। संजय बैस ने बताया कि कुसुमकसा स्टेशन से 40 गांव के 20 हजार से अधिक लोग लाभान्वित होते हैं, लेकिन आरक्षण काउंटर न होने के कारण यात्रियों को डौण्डी या बालोद जाना पड़ता है। जीएमश तरुण प्रकाश ने समस्या को गंभीरता से लिया और रेलवे अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया जल्द कि कुसुमकसा स्टेशन परिसर में आरक्षण काउंटर जल्द ही प्रारम्भ कर दिया जाएगा। बैठक के बाद पूर्व जनपद सदस्य रेल्वे सलाहाकार सिमिति के सदस्य संजय बैस ने महाप्रबंधक तरुण प्रकाश सहित पूरे रेलवे अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# चंदखुरी में बोर खनन कार्य का भूमिपूजन, वार्डों में पेयजल सुविधा होगी मजबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चंदखुरी में जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने अपने 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्रमांक 18, 19 और 20 में प्रस्तावित बोर खनन कार्य का भूमिपूजन किया। इस पहल का उद्देश्य वार्डवासियों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना और जल संकट की समस्या का समाधान करना है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच कविता यादेश ठाकुर, वार्ड 19 की पंच ऊषा दुर्गेश साहू, वार्ड 18 की पंच ऊषा राजू निर्मलकर, पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और वार्डवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है और पेयजल जैसी आवश्यक समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने भी इस कार्य के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ग्राम मुढ़िया में शासकीय हाई स्कूल मिडिल स्कूल एवं प्राइमरी स्कूल में कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी मे प्रवेश लेने वाले बच्चों को प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पूजा कर प्रवेशोत्सव की शुरुआत कर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों को निःशुल्क पुस्तक और गणवेश वितरण कर पढ़ाई में विशेष रुचि लेकर प्रदेश, देश एवं अपने माता–पिता की नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हारेश कौशिक थे। विशेष अतिथि ईश्वर लाल भूआर्य ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने तथा विद्यालय से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष चैतन्य निषाद, हाई स्कूल प्राचार्य शिव कुमार सिन्हा, मिडिल स्कूल हेडमास्टर देशमुख, प्राइमरी स्कूल के प्रधान पठाक यादू ठाकुर विधालय के समस्त शिक्षकगण एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं समस्त पलाक गण एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजीव भवन में महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस की राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लाम्बा एवं छत्तीसगढ़ की सह प्रभारी सुनीता मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं संजारी बालोद विधायिका संगीता सिन्हा ने की। इस दौरान प्रदेश संगठन की गतिविधियों, महिलाओं से जुड़े मुद्दों, आगामी कार्यक्रमों, संगठन विस्तार तथा जनहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा ने महिला कांग्रेस पदाधिकारियों के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया। वहीं सह प्रभारी सुनीता मिश्रा ने संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा ने कहा कि महिला कांग्रेस प्रदेशभर में महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर की महिला कांग्रेस पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# दो भाइयों में विवाद मामला थाने तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाड़ी के पेड़ को बेचकर पैसा मिलने पर दो भाईयो में विवाद हो गया। जिसके बाद पीड़ित भाई ने गाली गलौज करने वाले भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ओझागहन निवासी मुकेश कुमार सेन पिता स्व तीजूराम सेन 49 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हम लोग 5 पांच भाई हैं, सभी का बंटवारा हो चुका है, सभी अपने अपने परिवार के साथ अलग अलग रहते हैं। पुराना घर और बाड़ी का बंटवारा नहीं हुआ है, सम्मिलित है, बाड़ी में फलदार वृक्ष बेर, इमली, बबूल, नीबू, महुआ व अन्य है। बाड़ी के दो बेर का पेड़, एक इमली और एक बबूल के पेड़ को अगेश्वर साहू पिता सालिक राम साहू ग्राम सनौद का अपने मजदूरों के साथ काट दिया था, सुबह मैं अपने बाड़ी में गया तो देखा, अगेश्वर को पेड़ क्यों काट रहे हो पूछा तब उसने बताया कि आपका बड़ा भाई तुलाराम सेन ने बेच दिया है, इसलिये काटे हैं। अगेश्वर साहू सभी वृक्ष को काटकर ट्रेक्टर से भरकर ले जाने लगा तब मैं बाड़ी का बंटवारा नहीं हुआ है, सभी पेड़ और जमीन पर पांचों भाईयों का अधिकार है बोला तब सब लकड़ियों को रख दिया और जाने लगा तो मैं अगेश्वर को बोला कि लकड़ी का जो भी पैसा होगा उसे पांचों भाईयों के समक्ष देना होगा, अगेश्वर बोला कि 6000 रू में तुलाराम सेन ने बेचा है। शाम को अगेश्वर मेरे खाता में 1500 रू डाला है और शेष 4,500 रू मेरे बड़े भाई तुलाराम सेन को दिया है। शाम लगभग 07.45 बजे मेरा बड़ा भाई तुलाराम सेन पिता तीजूराम सेन और उसका बेटा मनोज कुमार सेन पिता तुलाराम सेन उम्र लगभग 35 वर्ष दोनों मेरे घर के सामने आये और गाली गलौज कर मेरा नाम लेकर बाहर निकल बोला तब मैं बाहर आया, तुलाराम सेन और उसका बेटा मुझे अगेश्वर से पैसा क्यों मांगा है, पूरा पैसा मेरा है, कहकर दोनों ने मुझे गाली गलौज देने लगे, जिसे मना करने पर नहीं माने और आज तुम्हे जान से मार देंगे कहकर धमकी दिये हैं।

# दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिले पूर्व सांसद मंडावी और अध्यक्ष जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



दिल्ली प्रवास के दौरान कांकेर लोकसभा के पूर्व सांसद मोहन मंडावी एवं गुण्डरदेही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने दिल्ली मे वरिष्ठ नेताओं एवं केंद्रीय मंत्रियों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल. संतोष, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव तथा केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट कर छत्तीसगढ़, बस्तर संभाग एवं गुण्डरदेही क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं जनजातीय क्षेत्रें के विकास सहित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। नेताओं ने क्षेत्र की आवश्यकताओं और जनभावनाओं से अवगत कराते हुए विकास कायोंर् को गति देने की मांग रखी। वरिष्ठ नेताओं एवं मंत्रियों ने क्षेत्र के सवांर्गीण विकास के लिए सकारात्मक सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। पूर्व सांसद मोहन मंडावी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि दिल्ली प्रवास के दौरान हुई ये मुलाकातें क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगी तथा आने वाले समय में गुण्डरदेही, बालोद, बस्तर एवं छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### सड़क किनारे टहल रहे युवक को स्कूटी ने मारी टक्कर

**बालोद।** खाना खाकर सड़क किनारे टहल रहे युवक को स्कूटी ने टक्कर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक के पिता ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम अर्जुन्दा निवासी नंदकिशोर साहू ने पुलिस को बताया कि रात्रि मेरा बडा लड़का समीर साहू जो रात्रि मे खाना खाकर टहलने के लिए टिकरी सिकोसा रोड के किनारे–किनारे पैदल चल रहा था जो तालाब पुलिया के पास पहुंचे थे तभी अर्जुन्दा से सिकोसा की ओर जा रही एक्टीवा सीजी 08 बीएच 2085 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं खतरनाक ढंग से चलाते हुए पैदल चल रहे मेरा लड़का समीर साहू को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट करने से मेरा लड़का समीर साहू के दाहिने पैर के घुटना के नीचे एवं दाहिने हाथ के कोहनी मे एवं शरीर के अन्य हिस्सो मे चोट लगा है जिसे मै अपने कार से ईलाज के लिए अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया ईलाज पश्चात रिपोर्ट करने आया हूं।

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर चाकू से हमला, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शराब के लिए पैसे नही देने पर दो युवको ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक के पिता ने दो युवके के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 119, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मोहंदीपाट निवासी देवप्रसाद यादव ने पुलिस को बताया कि रात को मेरा पुत्र गुपेंद्र कुमार दशग्रात्र का भोजन कर कर्मा भवन से अपने साथी ज्ञानचंद के साथ घर आने निकला था, उसी समय बाजार चौक के पास डिकेश यादव और नितेश कुमार साहू दोनो खड़े थे, तभी डिकेश यादव और नितेश कुमार साहू डिकेश के घर तरफ से आये और मेरे पुत्र को शराब पीने के लिए दोनो पैसे की मांग करने लगे, पैसा देने से मना करने पर डिकेश यादव ने नितेश कुमार साहू के इसे लपेट ले कहने पर बाये पसली में चाकू से मार दिया है, मुझे गुपेंद्र ने घर में आकर बताया है, जिसे मैं उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने पर जोर

# भाजपा का डिजिटल लर्निंग अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत पार्टी अपने प्रत्येक कार्यकर्ता को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महाभियान के अंतर्गत शुरू किए गए विशेष डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ताओं को तेजी से डिजिटल बनाने और उन्हें नई तकनीकों से जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

जिला भाजपा महामंत्री एवं डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यक्रम के जिला प्रभारी श्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि आज का युग सूचना और संचार क्रांति का युग है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए भाजपा अपने संगठन को भी पूरी तरह हाईटेक कर रही है। इस डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य हमारे जमीनी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं और पार्टी की विचारधारा को जनता के बीच अधिक प्रभावी ढंग से पहुँचा सकें। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गाँव और बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी अपने



मोबाइल फोन के जरिए सीधे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। कार्यकर्ताओं को पार्टी के गौरवशाली इतिहास, अंत्योदय के सिद्धांत, देशहित की नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ऑडियो–वीडियो और डिजिटल कंटेंट के रूप में दी जा रही है।

इसी तरह कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के सही और सकारात्मक उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे विपक्ष के भ्रामक प्रचार और अफवाहों का तथ्यपूर्ण जवाब भी डिजिटल माध्यमों पर दे सकें। भाजपा एक जीवन्त राजनीतिक संगठन है जो समय के साथ निरंतर खुद को अपग्रेड करता है। इस डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से प्रशिक्षित होकर हमारे कार्यकर्ता आने वाले समय में संगठन के कायोंर् को और अधिक गति देंगे तथा जनता और सरकार के बीच एक मजबूत, आधुनिक सेतु के रूप में कार्य करेंगे। इस अभियान से अधिक–से–अधिक कार्यकर्ताओं को जुड़ने का आह्वान किया।

## पेज 11 का शेष

### मानसून की दस्तक...

होने पर लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। स्थानीय किसान रामलाल नेताम ने कहा, बारिश का हम सभी किसान लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। अब खेतों में काम शुरू होगा और अच्छी फसल की उम्मीद जगी है। यदि समय पर लगातार वर्षा होती रही तो इस वर्ष पैदावार बेहतर रहेगी। किसान सुशीला मरकाम ने कहा, पहली अच्छी बारिश से खेतों में नमी आ गई है। अब धान की रोपाई का काम तेजी से शुरू किया जाएगा। यह बारिश किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है। व्यापारी महेश गुप्ता ने कहा, लगातार पड़ रही गर्मी से लोग परेशान थे। बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है और बाजारों में भी लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। स्थानीय निवासी सीमा यादव ने कहा, बारिश से गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन कुछ जगहों पर जलभराव की समस्या भी सामने आई है। समय रहते इसकी व्यवस्था करना जरूरी है। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ध्रुव ने बताया कि मानसून की शुरुआत खेती के लिए अनुकूल संकेत है। किसान धान सहित खरीफ फसलों की बुआई एवं रोपाई मौसम की स्थिति को देखते हुए करें। प्रमाणित बीजों का उपयोग करें तथा खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था भी बनाए रखें। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में मानसून सक्रिय हो चुका है। आगामी तीन से चार दिनों तक वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज-चमक और तेज हवा के साथ वर्षा हो सकती है। नागरिकों को खराब मौसम के दौरान पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचना चाहिए।

### डौंडीलोहारा में स्कूल...

मुक्त कराया गया। एसडीएम शिवनाथ बघेल ने बताया कि शासकीय विद्यालय के आसपास अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों को पहले ही नोटिस दिया गया था। नोटिस के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### दल्लीराजहरा में धड़ल्ले...

सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। यदि किसी भी कारण से आगजनी या भगदड़ जैसी स्थिति बनती है तो विद्यार्थियों के सुरक्षित बाहर निकलने की संभावना बेहद कम हो सकती है। सबसे गंभीर बात यह है कि अनेक संस्थान बिना पंजीयन, बिना वैधानिक अनुमति और बिना विभागीय निरीक्षण के वर्षों से संचालित होने की चर्चा दल्लीराजहरा नगर में आम है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी जांच या कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इन संस्थानों पर निगरानी रखने की जिम्मेदारी किसकी है और नियमों का पालन कौन सुनिश्चित करेगा?

**शुल्क के नाम पर मनमानी, प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर भी सवाल:** दल्लीराजहरा नगर के अभिभावकों का कहना है कि अनेक संगणक प्रशिक्षण केंद्रों में विद्यार्थियों से भारी शुल्क लिया जा रहा है, जबकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रमाणपत्रों की वैधता और संस्थानों की मान्यता को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। कई स्थानों पर विद्यार्थियों को आकर्षक दावों के माध्यम से प्रवेश दिलाया जाता है, लेकिन सुविधाएं और सुरक्षा दोनों ही अपेक्षाओं से काफी दूर दिखाई देती हैं।

**प्रशासनिक निरीक्षण नहीं होने से बढ़ रही लापरवाही:** जानकारों का कहना है कि यदि समय-समय पर शिक्षा, नगर प्रशासन, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाए तो कई अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं। लेकिन लंबे समय से नियमित निरीक्षण नहीं होने के कारण संचालकों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं और सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। विद्यार्थियों और अभिभावकों में बढ़ रही चिंता बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र के अलावा दल्लीराजहरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों मेंप्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थी इन संस्थानों में पढ़ाई के लिए पहुंचते हैं। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए कोचिंग भेजते हैं, लेकिन यदि संस्थानों में सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम ही नहीं होंगे तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि प्रशासन को तत्काल सभी संस्थानों की जांच करानी चाहिए।

**अभिभावकों और नागरिकों की मांग:** नगर के अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि दल्लीराजहरा सहित पूरे बालोद जिले में संचालित सभी कोचिंग एवं संगणक प्रशिक्षण केंद्रों का विशेष अभियान चलाकर निरीक्षण कराया जाए। बिना अनुमति संचालित संस्थानों को तत्काल बंद किया जाए तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी मासूम विद्यार्थी की जान खतरे में न पड़े। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर समय रहते ऐसे संस्थानों पर कार्रवाई कर विद्यार्थियों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा?

# अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नसिंर्ग के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली।

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नसिंर्ग के छात्र–छात्रओं द्वारा दानीटोला में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में आकर्षक पोस्टर, बैनर एवं स्लोगन लेकर दानीटोला के प्रमुख मागोंर् का भ्रमण किया। उन्होंने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, स्वस्थ युवा, समृद्ध भारत, नशे से दूरी, जीवन से दोस्ती तथा नशा मुक्त समाज, उज्ज्वल भविष्य जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर छात्र–छात्रओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति भी दी, जिसमें तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदाथोंर् के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों को दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विद्यार्थियों ने लोगों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा युवाओं को नशे की लत से बचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए नशे के दुष्परिणाम



### समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल

संस्थान के प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के प्राचार्या डॉक्टर सिजो कोसी मारुति, इंस्टिट्यूट ऑफ नसिंर्ग, प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह, भारत इंस्टिट्यूट ऑफ नसिंर्ग, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत का संदेश देते हुए समाज को स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक बनाने का संकल्प दोहराया।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय घीना में शाला विकास समिति का गठन



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में शाला विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें नंद कुमार ठाकुर का अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चयन किया गया। उमेश तारम का उपाध्यक्ष के रुप मे चयन किया गया। साथ ही नव प्रवेशी छात्र छात्रओ को गणवेश व पाठय पुस्तक वितरित कर मिठाई खिलाकर छात्र छात्रओं का विद्यालय में स्वागत किया गया। कक्षा नवमीं के छात्रओ को साइकिल वितरित किया गया।

### लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को वितरित की गई निःशुल्क अरहर किट



**अण्डा।** दुर्ग समीपस्थ ग्राम खपरी-सिलोदा में कृषि विभाग द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लखपति दीदी योजना के अंतर्गत महिलाओं को निशुल्क अरहर किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खपरी-सिलोदा की सरपंच श्रीमती अनुसूईया नारायण साहू के हाथों बहनों को अरहर किट प्रदान किया गया। इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कामेश कुमार परमार ने महिलाओं को अरहर की खेती, उत्पादन बढ़ाने के उपाय एवं कृषि योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में अश्वनी साहू (पंच), किसान मित्र लीलाधर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहीं। इनमें रानी साहू, हेमा बाई साहू, मीना ठाकुर, सूरज बाई साहू, गायत्री साहू, संजू सेन, सत्यवती साहू, केसर साहू, भारती साहू, फिरनतिन साहू, जीतेश्वरी साहू, लता साहू, उषा साहू, कलाबाई साहू, लोकेश्वरी साहू, पुष्पा यादव, रेखा निषाद सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर महिलाओं ने कृषि विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें खेती के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को खेती से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

### मोहित का अग्निवीर में चयन



**गुण्डरदेही।** ग्राम परसाही निवासी मोहित कुमार साहू पिता पूरन लाल साहू का अग्निवीर में चयन हुआ है। जिनका महाराष्ट्र सिकंदराबाद ट्रेनिंग में जाने के दौरान परिवार व ग्राम प्रमुखों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाकर उत्साह पूर्वक विदाई किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता केशव राम साहू, ग्राम सरपंच हेमलाल यादव, पूर्व सरपंच गजेंद्र यादव, उप सरपंच खेलन साहू, अलालू राम चेलक, नेतराम साहू, होरीलाल यादव, दीनदयाल साहू, शेष देवांगन, शेखर साहू, चंदन साहू, समर यदु, अविनाश ठाकुर, अमित साहू, लोकेश्वर देवांगन, गजाधर साहू के साथ ग्राम की महिलाएं व परिजन भी उपस्थित थे।

### आपातकाल स्मृति दिवस पर होगा सम्मान समारोह

**बालोद।** आपातकाल स्मृति दिवस पर रायपुर में होगा समान समारोह, आपातकाल के 50 होने के अवसर पर आपात काल स्मृति दिवस काला दिवस एवं संविधान हत्या दिवस के तहत विदयालय एवं महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण एवं समान समारोह 28 जून रायपुर में आयोजित है, कार्यक्रम का आयोजन लोकतंत्र सेनानी संघ एवं उसके सहयोगी संगठनों के तत्वावधान में किया जा रहा है। समारोह 28 जून को प्रातः 11 बजे दीनदयाल आडिटोरियम रायपुर में आयोजित है, जिसमें बालोद जिला के लोकतांत्रिक सेनानी परिवार एवं लोकतंत्र प्रहरी परिवार सम्मिलित होंगे।

## दुर्घटनाओं के बावजूद कार्रवाई ढीली, तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक लदे वाहनों पर नियंत्रण की उठी मांग

# ओवरलोड ट्रकों पर नहीं लग रही लगाम शहर की सड़कों पर बढ़ा जान का जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर की प्रमुख सड़कों पर क्षमता से अधिक माल लादकर दौड़ रहे भारी वाहन अब आम नागरिकों की जान के लिए सबसे बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग पुराना बाजार वीर नारायण सिंह चौक, गुप्ता चौक,बस स्टैंड नियोगी चौक, चिखलाकसा अटल बिहारी वाजपेई चौक सहित अनेक व्यस्त सड़कों पर प्रतिदिन ओवरलोड वाहन तेज रफ्तार से गुजर रहे हैं। वर्तमान के गत महीनो और बीते वर्षों में ऐसे वाहनों की चपेट में आकर दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चुकी है, जबकि अनेक नागरिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई के अभाव में वाहन चालकों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

सुबह से देर रात तक शहर के सबसे व्यस्त मार्गों पर भारी भीड़ रहती है। विद्यालय, महाविद्यालय, बाजार, अस्पताल और कार्यालयों तक पहुंचने वाले हजारों लोग इन्हीं सड़कों से गुजरते हैं। ऐसे समय में भी क्षमता से अधिक माल लदे भारी वाहन तेज गति से मुख्य मार्ग से निकलते हैं। कई स्थानों पर वाहन खड़ा न के निर्देश होने के बावजूद भारी वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार ओवरलोड वाहनों का सामान सड़क पर लटकता रहता है, जिससे सामने या पीछे चल रहे वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। मोड़ और संकरी सड़कों पर ऐसे वाहनों के कारण छोटे वाहन चालकों और राहगीरों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। नगरवासियों का आरोप है कि समय-समय पर जांच अभियान तो चलाए जाते हैं, लेकिन उनका असर कुछ दिनों तक ही दिखाई देता है। इसके बाद फिर वही स्थिति बन जाती है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित और कठोर कार्रवाई की जाए तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। पुराना बाजार व्यापारियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि मुख्य बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश का समय निर्धारित किया जाना चाहिए। भीड़भाड़ के समय ऐसे वाहनों पर पूरी तरह रोक लगाकर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिक सुरक्षित आवागमन कर सकें। नगरवासियों का कहना है कि जब तक ओवरलोड वाहनों, तेज रफ्तार और अवैध रूप से मुख्य मार्गों से गुजरने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जाएगा, तब तक दुर्घटनाओं का सिलसिला थमना मुश्किल है।

### व्यापारियों और नागरिकों की मांग

मुख्य बाजार के व्यापारियों दीपक कुमार, संदीप कुमार निखिल का कहना है कि दिनभर भारी वाहनों के आवागमन से ग्राहकों और राहगीरों को परेशानी होती है। कई बार वाहन सड़क के बीच खड़े होने से जाम लग जाता है। व्यापारियों ने मांग की है कि बाजार क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए अलग समय तय किया जाए। राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि क्षमता से अधिक माल लदे वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। लोगों ने मांग की है कि परिवहन विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से नियमित जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करें। परिवहन विभाग के अधिकारी योगेश भंडारी का कहना है कि क्षमता से अधिक माल लेकर चलना नियमों का उल्लंघन है। शिकायत मिलने अथवा विशेष अभियान के दौरान ऐसे वाहनों की जांच की जाती है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना, चालान और अन्य वैधानिक कार्रवाई का प्रावधान है। विभाग ने वाहन मालिकों से निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही माल परिवहन करने की अपील की है।

# भाजपा शक्ति केंद्र रेंगाकटेंरा की बैठक संपन्न



गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही के शक्ति केंद्र रेंगाकठेंरा के खुटेरी मे बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक शक्ति केंद्र प्रभारी सौरभ चोपड़ा के उपस्थिति मे संपन्न हुआ। बैठक मे भाजपा के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र में निवास जिला, प्रदेश एवं बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी ने पांच बूथों के बूथ गठन उसकी समीक्षा एवं उनकी सक्रियता की जानकारी ले कर सभी कार्यकर्ताओं को केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया और सभी को योजना का लाभ दिलाने व पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष के सोच अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें लाभ दिलाने प्रेरित किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की भी चर्चा की गई। बैठक के बाद ग्राम खुटेरी रंग में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास का लाभ लगभग 190 हितग्राही को लाभ मिला है, उन हितग्राहियों का सम्मान किया गया। बैठक में बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बूथ पदाधिकारी साथ ही मंडल महामंत्री विनोद चंद्राकर, नवीता साहू मंडल मंत्री व सरपंच, शक्ति केंद्र संयोजक पृथ्वी साहू, सह संयोजक उतम साहू, राजेश चंद्राकर, भागीरथी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नवीन शिक्षा सत्र 2026–27 के शुभारंभ अवसर पर विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा डंगनिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी चन्द्राकर रही। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही गुलशन साहू ने किया। मंडल अध्यक्ष ओटबंद कुलदीप साहू, सरपंच सत्यवती साहू द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर व पाठ्य सामग्री प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने 9 वीं से 11 वीं स्कुली छात्रे को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल प्रदान किया गया। साथ ही प्राथमिक व मीडिल स्कूल के विद्यार्थियो को युनिफार्म भी वितरण किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं पालकों को संबोधित करते हुए नियमित विद्यालय आने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, सांस्—तिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का आधार है तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालयों में शत–प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा नवीन शिक्षा सत्र के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू, प्राचार्य गुप्ता मैडम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक किशोर साहू व जनप्रतिनिधि गण, संकुल प्राचार्या, संकुल समन्वयक, शिक्षक, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। उक्त विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदा के प्राचार्य नूतन गुप्ता, गोरकपार प्राचार्या अवधिया, गुण्डरदेही प्राचार्य केएस. कुल्हारे, गुरेदा प्राचार्य मेश्राम सहित विकास खण्ड गुण्डरदेही के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे।

# गोड़ेला में शाला प्रवेशोत्सव, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा



गुरु बालकदास शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़ेला में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा पहिली और कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों का नवप्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या दायिनी मां सरस्वती के समक्ष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके और पूजन अर्चन से किया गया। ग्राम के सेवानिवृत्त शिक्षक दिलीप चन्द्राकर, राधेश्याम कुर्रे, मनसुख दास बंजारे, दीनदयाल देशमुख और पुनीत राम साहू संयुक्त प्रयास ने इस कार्यक्रम को और भी अनूठा बना दिया, इनके संयुक्त प्रयास से वर्तमान सत्र में कक्षा पांचवी में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों कौटिल्य और गुंजा गायकवाड़ तथा आठवीं में प्रथम गुंजन तथा द्वितीय मिनाक्षी ढीमर को स्कूल बैग, कापी तथा पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं समस्त विद्यार्थियों को पेन देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा सभी नव प्रवेशी बच्चों को गणवेश और पाठ्य–पुस्तक देकर उनके पैरों का छाप लेकर मुंह मीठा करवाया गया।

कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत भाषण संस्था प्रमुख आरके. हिरवानी ने किया तथा शासन के द्वारा विभिन्न योजनाओं और दिशा–निर्देशों की जानकारी दिया। समस्त अतिथियों ने प्रवेशोत्सव पर नये विद्यार्थियों का स्वागत तथा बेहतर शिक्षा और गुणवत्ता पर अपने विचार रखे। अतिथियों को विद्यालय परिवार के द्वारा शाल तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी विद्यार्थियों को केला, मिठाई और पूड़ी सब्जी खिलाकर न्यौता भोज करवाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के शिक्षाविद संतोष कुर्रे, ग्राम प्रमुख जोहन बंजारे, गणेश राम जांगड़े, समिति के अध्यक्ष सोनिया साहू, संकुल समन्वयक सोनी तथा समिति के सदस्य गण तथा ग्राम के पालक गण तथा स्टाफ के सदस्यगण उपस्थित थे, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक शोभा राम देवांगन तथा संचालन प्रतिभा त्रिपाठी ने किया।

## तीन टीमें संभागीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

# जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में चिखली का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली, डौण्डी के खेल मैदान में शनिवार को जिला स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। जिले की विभिन्न टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साह बढ़ाया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, अध्यक्ष संजय ठाकुर तथा प्रतियोगिता संयोजक स्वप्न जेना ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का शानदार वातावरण देखने को मिला। सत्रह वर्ष बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में आमापारा बालोद और चिखली के बीच कांटे की टक्कर हुई। चिखली की ओर से यमित और गीतेश ने एक-एक गोल दागकर अपनी टीम को दो-शून्य की शानदार जीत दिलाई और विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। चौदह वर्ष बालक वर्ग के फाइनल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली, विकासखंड डौण्डी का मुकाबला सेजस रानखुज्जी से हुआ। चिखली के तुषार ने तीन गोल कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि नमन, अंश और पोषण ने एक-एक गोल कर टीम को छह-शून्य की एकतरफा और ऐतिहासिक जीत दिलाई। सत्रह वर्ष बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में सेजस डौण्डी ने चिखली को पराजित कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीमों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप चिखली की दो बालक टीमें तथा सेजस डौण्डी की बालिका टीम अब जिला बालोद का प्रतिनिधित्व करते हुए संभाग स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ईश्वर राव, मोईन खान, सिद्धांत रेड्डी, संजय मोहंती, कुणाल आर्यन, चंद्रशेखर पवार तथा रोजर हसीन तिर्की का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के सहयोग से आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### थल सेना अग्निवीर में मयंक सिन्हा चयनित



गुरूर। ग्राम बोडरा के मयंक कुमार सिन्हा का चयन भारतीय थल सेना अग्निवीर में हुआ है मंयक का चयन माँ भारती की सेवा के लिए होने पर पूरे गांव में हर्श का माहौल है। मयंक कुमार सिन्हा प्रशिक्षण के लिए निकलेगे उसके लिए 28 जून को गौरवपूर्ण चयन के उपलक्ष्य में उनके ग्राम बोडरा में विदाई एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मयंक के माता–पिता जानकी सिन्हा एवं पूर्णानंद सिन्हा, बडे पापा–बड़ी मम्मी संतोश कुमार, कुमुद और दादा–दादी रामू लाल सिन्हा, केकती बाई इनके एवं ग्रामीणो के द्वारा यह कार्यक्रम 28 जून रविवार को सुबह 6 बजे से शुरू सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

### मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर द्वारा महाविद्यालय में संचालित कक्षाओ के लिए सत्र 2026–27 में प्रवेश प्रारंभ किया गया है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा जारी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अपना प्रवेश हेतु ऑनलाइन पूर्ण कर सकते है जिसमे विश्वविद्यालय के द्वारा महाविद्यालय को निर्धारित सीट संख्या दी गई है, इसलिए छात्र–छात्रएं अपना ऑनलाइन पूर्ण कर महाविद्यालय से संपर्क करें।

### विद्यार्थियों को बताया यज्ञ का वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व

# सशिमं और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी में साप्ताहिक यज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी में सप्ताहिक यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ शुभारंभ से पहले प्रधानाचार्य नेताम ने चंदन और आरती के साथ इस कार्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया।

यज्ञकर्ता दीदी द्रौपदी ने यज्ञ का शुभारंभ करने से पहले भैया बहनों को यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों और पढ़ने वाले बच्चों के लिए यज्ञ हवन का बहुत बड़ा वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है। प्राचीन समय में गुरुकुलों में भी पढ़ाई शुरू करने से पहले यज्ञ करने की परंपरा थी। पढ़ने वाले बच्चों के लिए यज्ञ एकाग्रता बढ़ाती है। यज्ञ के दौरान बोले जाने वाले मंत्रें की ध्वनि और लय से बच्चों का दिमाग शांत होता है।

■ एकाग्रता, स्मरण शक्ति और अनुशासन बढ़ाने पर दिया जोर

उन्होने कहा इससे पढ़ाई में उनका फोकस और ध्यान बढ़ता है, याददाश्त तेज होती है, यज्ञ में इस्तेमाल होने वाली सामग्री



जैसे देशी गाय का घी, कपूर और जड़ी–बूटियों के जलने से जो धुआं निकलता है वह मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करता है, इससे याद रखने की क्षमता मजबूत होती है, तनाव और चिंता से मुक्ति, परीक्षा या पढ़ाई के दबाव के कारण बच्चों में होने वाले मानसिक तनाव और चिंता को दूर करता है, शारीरिक और स्वास्थ्य लाभ शुद्ध ऑक्सीजन और ऊर्जा प्रदान करता है।

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार गाय के घी और आम की लकड़ी से किए गए यज्ञ से हवा में ऑक्सीजन का स्तर सुधरता है, शुद्ध हवा मिलने से बच्चे दिनभर ऊर्जावान महसूस करते हैं, यज्ञ करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। यज्ञ के धुएं से हवा में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस नष्ट हो जाते हैं, इससे बच्चे मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी से बचे रहते हैं और उनकी सेहत अच्छी रहती है। यज्ञ फेफड़ों और सांस के लिए फायदेमंद होता है जिसके तहत यज्ञ की वायु में सांस लेने से श्वसन तंत्र साफ और मजबूत होता है। नैतिक और आत्मिक लाभ व सकारात्मक ऊर्जा के तहत यज्ञ से घर और आस–पास के वातावरण में फैली नकारात्मकता खत्म होती है और पढ़ाई के लिए एक पवित्र, सकारात्मक माहौल बनता है।

यज्ञ करने से अनुशासन और अच्छे संस्कार में वृद्धि होती है जिसके तहत नियमित रूप से यज्ञ में बैठने से बच्चों में समय की पाबंदी, धैर्य और अनुशासन की भावना विकसित होती है। जिसके बाद सभी भैया बहनों की कलाई में कलावा बांध कर अंजुली में जल लेकर विधी पूर्वक यज्ञ मे सभी दिशाओं में बारी, बारी से अग्नि प्रज्वलित किया गया। प्रशिक्षित दीदी जी द्रौपदी साहू ने सभी भैया बहनों को मंत्रेच्चार के साथ यज्ञ में अभिधा की आहुति दिलवाया जिससे वातावरण पूर्णतया सुगंधित और सकरात्मक रहा। अंत में नेताम ने कहा कि यज्ञ केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए एक बेहतरीन थेरेपी की तरह काम करता है। विशेष रूप से कमजोर बच्चों के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है। बच्चों के लिए विशेष मंत्रें जैसे गायत्री मंत्र या महामृत्युंजय मंत्र, यज्ञ में इस्तेमाल होने वाली विशेष जड़ी–बूटियां हवन सामग्री कमजोर दिमाग को तेज करती है। इस यज्ञ को घर पर आसानी से किया जा सकता है। अंत में मंत्रेचार के साथ यज्ञ में पूर्णाहुति प्रदान किया गया।

# बड़गांव स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें नियमित अध्ययन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की गरिमामयी शुरुआत की। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करते हुए नियमित अध्ययन करने तथा जीवन में शिक्षा के महत्व को समझने का आह्वान किया। इस अवसर पर शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र बालिकाओं को उनके पालकों की उपस्थिति में साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कर उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गईं तथा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख जितेंद्र कुमार उइके, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, अशोक पटेल, रतन भोसले, पन्नालाल साहू, कुलेश्वर भुआर्य, छबिलाल साहू, दिनेश राउत, दशोदा, शीतल सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केवल सिंह नुरूटी ने किया। अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं दी।

■ बालिकाओं को मिली नि :शुल्क साइकिल व पाठ्य पुस्तक

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तीन दिनी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों में उत्साह



गुरूर। 18 स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में ग्राम मोखा में 3 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ 26 जून को ग्रामीण जनों कि उपस्थिति में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर अतिथि के रूप मे सरपंच अश्वनी युगल किशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोखा राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव काशी राम कलिहारी, पूर्व सरपंच पुष्पेंद्र कटेंद्र, नवयुवक मंडल मोखा टीकम सिन्हा एवं आयोजक टीम डेविड साहू, लक्की, शुभम, निखिल, चन्दन और अन्य ग्राम से आय हुए खिलाड़ी बंधुओ कि उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण शिविर आयोजित



गुरूर। शासकीय पशु चिकित्सालय गुरूर द्वारा श्री कृष्ण गोपाल गौशाला चूलहापथरा गुरूर में पशुधन विकास विभाग बालोद द्वारा एक दिवसीय सघन पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं परजीवी नियंत्रण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत शासकीय पशु चिकित्सालय गुरूर के तत्वाधान में पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने, आंतरिक परजीवियों से मुक्त करने तथा बाह्य परजीवियों के नियंत्रण हेतु श्री कृष्ण गोपाल गौशाला, चूलहापथरा गुरूर में शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमे पशुओ को गलघोंटू और एकतांगिया का टीका लगाया गया।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740